ई–मेल–prrajbhavan@gmail.com
मो॰–9431283596

राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने बी॰एड॰ कम्बाइंड इन्टरेंस टेस्ट के टॉपर सहित सफल सभी परीक्षार्थियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 23 जुलाई 2018

महामहिम राज्यपाल श्री सत्य पाल मलिक ने 'बी॰एड॰ कम्बाइंड इन्टरेंस टेस्ट–2018' में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करनेवाले मनीष कुमार एवं छात्राओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करनेवाली मोनिका कुमारी को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दी है। राज्यपाल ने अन्य सभी उत्कृष्ट प्रदर्शन करनेवाले परीक्षार्थियों की सफलता पर भी उन्हें बधाई दी है। राज्यपाल ने विश्वास व्यक्त किया है कि राज्य में पहली बार स्वच्छ एवं कदाचारमुक्त 'कम्बाइंड इंटरेन्स टेस्ट' के जरिये चयनित विद्यार्थी राज्य के बी॰एड॰ कॉलेजों में नामांकित होकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षण–विधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे एवं राज्य में उत्कृष्ट शिक्षक बनकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के विकास में सहयोगी सिद्ध होंगे। राज्यपाल ने पुनः सभी परीक्षार्थियों, अभिभावकों, नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति एवं उनकी पूरी टीम सहित सभी विश्वविद्यालय के कुलपतियों व अधिकारियों, प्रमंडलीय आयुक्तों, जिला पदाधिकारियों, प्रधान सचिव सहित राज्यपाल सचिवालय के सभी संबंधित अधिकारियों आदि –सबको सफल परीक्षा–आयोजन एवं परीक्षाफल–प्रकाशन पर बधाई दी है। राज्यपाल ने बी॰एड॰ कॉलेजों के प्राचार्यों व शिक्षकों का आह्वान किया है कि वे राज्य में गुणवत्तापूर्ण बी॰एड॰ पाठ्यक्रम के संचालन में अपना भरपूर सहयोग दें। राज्यपाल ने कहा है कि नियमित वर्ग–संचालन एवं अध्यापन सुनिश्चित कराते हुए राज्य में बी॰एड॰ कोर्स के सफल संचालन हेतु पूर्ण प्रयत्न किये जायेंगे।

ज्ञातव्य है कि महामहिम कुलाधिपति–सह–राज्यपाल के निदेशानुरूप, आज राजभवन सभागार में नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो॰ आर॰के॰ सिन्हा, प्रतिकुलपति प्रो॰ कृतेश्वर प्रसाद एवं राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह ने 'B.Ed. Combined Entrance Test-2018 (CET-B.Ed.-2018) 'का परीक्षाफल जारी किया। इस अवसर पर उक्त परीक्षा के राज्य नोडल पदाधिकारी–सह–नालंदा खुला विश्वविद्यालय के कुलसचिव श्री एस॰पी॰सिन्हा एवं राज्यपाल सचिवालय के अधिकारीगण भी उपस्थित थे। जारी परीक्षाफल के अनुसार श्री मनीष कुमार ने 91 अंक प्राप्त कर उक्त परीक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया, जबकि मोनिका कुमारी ने 90 अंक प्राप्त कर छात्राओं में सर्वोच्च स्थान पाया। ज्ञातव्य है कि यह परीक्षा कुल 120 अंकों की हुई थी। परीक्षाफल के मुताबिक मनीष कुमार (91) के अलावे, आशीष कुमार झा (90), दीपक कुमार (90), अतुल कुमार (90), रूपक कुमार (90), मोनिका कुमारी (90) एवं दीपक कुमार (90) को समान रूप से 90 (नब्बे) अंक प्राप्त हुए हैं। इसी तरह, राहुल कुमार (89), प्रेम कुमार पांडेय (89), महम्मद वासिम (89), अश्विनी कुमार (89) एवं विकास कुमार (89) को भी समान रूप से 89 (नवासी) अंक प्राप्त हुए हैं।

लगातार पृष्ठ...2 पर

महामहिम राज्यपाल की विशेष पहल पर बी॰एड॰ पाठ्यक्रम में पारदर्शितापूर्ण नामांकन हेतु राज्य में पहली बार आयोजित इस 'कम्बाइंड इन्टरेंस टेस्ट' में कुल 90305 विद्यार्थी निबंधित हुए थे, जिसमें पुरूष निबंधित विद्यार्थियों की संख्या 46879 थी, जबकि महिला निबंधित विद्यार्थियों की संख्या 43426 थी। दिनांक 15 जुलाई, 2018 को आयोजित 'B.Ed. Combined Entrance Test-2018 (CET-B.Ed.-2018) में कुल 82132 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें पुरूष परीक्षार्थियों की संख्या 42536 थी, जबकि महिला परीक्षार्थियों की संख्या 39595 थी। आज घोषित परीक्षा परिणाम में 61682 परीक्षार्थियों को सफल घोषित किया गया है, जिसमें सफल पुरूष परीक्षार्थियों की संख्या 37490 एवं सफल महिला परीक्षार्थियों की संख्या 24192 है। सामान्य श्रेणी में 42 अंक तथा आरक्षित श्रेणी में 36 अंक प्राप्त करनेवाले परीक्षार्थियों को सफल घोषित किया गया है। प्राप्त सूचनानुसार, बी॰एड॰ कॉलेजों में सीटों की संख्या 33700 संसूचित है। इस परीक्षाफल के पश्चात् बी॰एड॰ कॉलेज में नामांकन के लिए आगामी 27 जुलाई से 08 अगस्त, 2018 तक राजधानी पटना के ज्ञान भवन में कॉन्सिलिंग होगी। नामांकन का कार्य 28 जुलाई से प्रारंभ होकर 11 अगस्त, 2018 तक पूरा कर लिया जायेगा, जबकि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 अगस्त, 2018 से बी॰एड॰ कॉलेजों में वर्ग–अध्यापन का कार्य प्रारंभ हो जायेगा।

....